जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ

लखीमपुर/जौनपुर

चन्दन चौकी में शुरू हुआ एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

जन एक्सप्रेस सुनहरा।

लखीमपुर-खीरी। उत्तर प्रदेश में लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से एक जिला एक उत्पाद योजना का शुभारम्भ किया गया इस योजना के माध्यम से राज्य और स्थानीय कौसल बिकास तो हागा ही साथ ही साथ सीनियर वस्तुओं का निर्यात भी अधिक मात्रा में सम्भव होगा इसी क्रम में थारु जनजाति की महिलाओ को उनके शिल्प के कार्यो को और बेहतर बनाने के लिए चन्दन चौकी में 10 दिवसीय चार प्रशिक्षण शिविर शुरू किए गए है। शिविर का उद्घाटन प्रशिक्षण एव शोध एसोसिएट अनुराग माथुर ने किया।इस मौके पर अनुराग माथुर ने कहा कि सरकार की मंशा है कि चन्दन चौकी क्षेत्र में थारु जान जाति की महिलाओ में शिल्प का जो हुनर है इनके कार्यो में और फिनिशिंग और उनके उत्पादों को बाजार लायक बनाया जाए।इसी उदेश्य से 25-25 लोगो के चार ग्रुपो के माध्यम से उन्हें ट्रेंड किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाए अपने हाथो से तरह के उत्पाद जैसे जूट के बैग, दरी, कैप आदि बनाकर अपनी क्षमता का परिचय दिया है। जिससे बेहतर कर के उसे रोजी रोटी से जोड़ा जा सकता है।उन्होंने बताया इस प्रशिक्षण शिविर के प्रायोजक ओडीओपी प्रकोष्ट लखनऊ उत्तर प्रदेश व आयोजक उद्यमिता विकास संस्थान लखनऊ है तथा इसका आयोजन जिला उद्योग एवम उद्यम प्रोत्साहन केंद लखीमपुर द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर कार्यक्रम के सहयोगी संस्था वेलफेयर सोसाइटी की सचिव नसरीन फातिमा, सहआयोजक गौरव खरे, सहित तमाम लोग मौजूद रही।

डायल 100 पुलिसकर्मी नही रख सकेगें निजी मोबाइल

जन एक्सप्रेस संवाददाता।

लखीमपुर-खीरी। उत्तर प्रदेश के डीजीपी ने सभी डायल हंड्रेड पुलिसकर्मियों को फोन घर पर रखकर ड्यूटी करने का आदेश जारी किया है जिसमें उन्होंने यह कहा है कि सभी डायल हंड्रेड पुलिसकर्मी अपना निजी फोन ड्यूटी के समय इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे जिसके लिए वह अपना फोन या तो घर पर ही छोड़ कर आए या फिर थाने में जमा करा दें एवं पुलिस के डायल हंड्रेड महकमे में ड्यूटी पर निजी मोबाइल फोन पर लगी रोक पुलिस कर्मी नहीं कर सकेंगे निजी फोन का प्रयोग।

सुपरहिट फिल्म दबंग सरकार के डायरेक्टर मोहम्मदी में

जन एक्सप्रेस संवाददाता।

लखीमपुर-खीरी। मोहम्मदी के निवासी और भोजपुरी फिल्म के हीरो रिंकू शुक्ला के गांव में दबंग सरकार फिल्म के डायरेक्टर योगेश राज मिश्रा आए। योगेश राज मिश्रा ने बताया कि दबंग सरकार फिल्म सुपरहिट हुई और दर्शको ने इस फिल्म को बहुत प्यार दिया वहीं योगेश राज मिश्रा ने बताया कि आने वाले समय में हम चार प्रोजेक्ट पर काम करने जा रहे हैं इसमें एक फिल्म बबुआ बवाली की शूटिंग इसी वर्ष पूरी हो जाएगी और वह जल्द ही रिलीज होगी मुझे पूरा विश्वास है जिस तरह से दबंग सरकार को जनता का प्यार मिला जिससे फिल्म सुपर हिट हुई फिल्म से जुड़े सभी कलाकार काफी उत्साहित है मोहम्मदी आने का मेरा मकसद रिंकूं शुक्ला के गांव की हसीन यादों को सजोना और थोड़ा विश्राम भी करना और इसके साथ ही योगेश राज मिश्रा ने रिंकू शुक्ला की तारीफ करते हुए कहा कि दबंग सरकार फिल्म में रिंकू शुक्ला ने बहुत अच्छा कार्य किया और हमारी आने वाली भोजपुरी फिल्मों में भी रिंकू शुक्ला काम करते रहेंगे क्योंकि वह जबरदस्त प्रतिभा के धनी है काम के प्रति उनकी निष्ठा और ईमानदारी देखकर हम उनके कायल है और योगेश राज मिश्रा ने कि हम ऐसी ही फिल्मों का निर्माण करते रहेंगे जिन्हें दर्शक अपने परिवार के साथ बैठकर देख सकेंगे।

शिव सैनिकों ने की बैठक

जन एक्सप्रेस विष्णु गोपाल दीक्षित।

लखीमपुर-खीरी। बुधवार को विलो बी प्रांगण में जिले के तमाम शिवसैनिक एकत्र हुए और बैठक में जिला प्रमुख सुभाष पांडे महासचिव सुशील शुक्ला द्वारा बैठक का संचालन किया गया। समस्त शिव सैनिकों को अवगत कराया गया कि प्रदेश प्रमुख दिनांक 28 तीन 2019 को लखीमपुर आ रहे हैं प्रदेश प्रमुख के आगमन पर जिला एवं समस्त ब्लॉकों के शिव सैनिकों को निर्देशित किया की उक्त तारीख को जिले के समस्त शिवसैनिक विलो भी हाल में सुबह 10:00 बजे से उपस्थित होकर शिव सेना पार्टी की गरिमा को बढ़ाएं इस मौके पर जिला प्रमुख संतोष सिंह के साथ सैकड़ों सैनिक मौजूद रहे।

मैलानी

जन एक्सप्रेस,

गोला गं
तहसील क्षेत्र
मैलानी प्रभारी
पाल ने बताय
अभियुक्त शरीप
निवासी ग्राम
काफी समय से
उक्त अभियुक्त
अधिनियम सहि
वांछित था एवं
द्वारा 15000
गया था। मुखी
अभियुक्त को उ

4 मार्च 2019